एक नजर में

यथार्थ को मिला प्रशस्ति पत्र

शाजापुर, 31 जुलाई . गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उज्जैन में आयोजित महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व सांदीपनि अलंकरण समारोह में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मक्सी निवासी यथार्थ भावसार को शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया. यथार्थ भावसार ने अपनी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने माता-पिता रीना एवं घनश्याम भावसार, परिवार तथा पूरे भावसार समाज का गौरव बढ़ाया है. उनकी इस उपलब्धि पर समाजजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी.

विजयनगर की छोटी तलैया बनी रहवासियों की परेशानी

शाजापुर, 31 जुलाई . विजयनगर की सड़क छोटी तलैया का रूप धारण कर लेती है वास्तव में यह एकदम सही बात है और यह तलैया लोगों के लिएपरेशानी का कारण बनी हुई है. हम बात कर रहे हैं शहर के अंदर से निकले एबी रोड से जुड़े विजयनगर की मुख्य सड़क की. जहां बारिश के दौरान दो फीट गहरे गड्ढे नुमा सड़क तलैया का रूप ले लेती. खासकर बारिश के दिनों में यह सड़क लोगों के लिए खासी मुसीबत बन जाया करती है. स्कूली बच्चों से भरे आटो, दुपहिया वाहन, कार जीप सहित पैदल चलने वालेलोगों को गड्ढे से होकर गुजरना पड़ता है. कई बार दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं. इस तलैया रूपी गड्ढे से बचने के लिए लोगों को अन्य सड़क से अपने घर तक या अपने गंतव्य तक पहुंचाना पड़ता है. कई बार लोगों ने वार्ड पार्षद को भी अवगत करा दिया गया है. बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है. नपाध्यक्ष और सीएमओ भी इस समस्या से परीचित हैं। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है.

37 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सक्सेना

शुजालपुर, 31 जुलाई . जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कर्मचारी श्याम स्वरूप सक्सेना के 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. महाविद्यालय परिवार ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया तथा भावभीनी विदाई दी. समारोह की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई. इस अवसर पर वक्ताओं ने सक्सेना के 37 वर्ष के शासकीय सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, सरल और समर्पित कर्मचारी बताया. उन्होंने कहा कि सक्सेना ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए महाविद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उनकी कार्यशैली, समयपालन और सहयोगी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायी रहा. सम्मान के बाद अपने उद्बोधन में सक्सेना ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे सेवाकाल में उन्हें अधिकारियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का स्नेह, सहयोग और सम्मान मिला, जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे. समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

जेल तिराहा पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी

शाजापुर, 31 जुलाई . जादू टोने का डर दिखाकर एक नर्स से दुष्कर्म व उसे ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया. पुलिस द्वारा इस पर नजर रखी जा रही थी, जैसे ही यह जेल तिराहा पहुंचा पुलिस ने इसे धरदबोचा. इसके बाद पुलिस ने इसके बड़ावदा स्थित निवास पर दबिश देकर वहां से स्कूटी, नगदी व मोबाइल जब्त कर लिया है. मामले का एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है. गौरतलब है 3 जुलाई को ट्रेन यात्रा के दौरान पीड़िता की मुलाकात आरोपी से हुई थी, साकिर ने खुद को तंत्र मंत्र का जानकार बताकर महिला को उसके परिवार पर भारी अनिष्ट होने का डर दिखाया और झांसे में ले लिया. इसके अगले ही दिन आरोपी शाजापुर में पीड़िता के किराए के मकान पर पहुंचा और धार्मिक क्रिया कर्म के बहाने उसके साथ दुष्कर्म किया. बाद में आरोपी ने ब्लैकमेल करते हुए बार बार दुष्कर्म किया और अपने साथी से भी पीड़िता का शोषण करवाया. यही नहीं आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया था और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा. उसने महिला से करीब 4.10 लाख रुपए नकदए सोने का मंगलसूत्र और उसकी स्कूटी भी हड़प ली. इतना ही नहीं उसने पीड़िता की दो महिला सहकर्मियों को भी झांसे में लेकर उनके साथ अश्लील हरकत की कोशिश की, हालांकि वे वहां से भाग निकली थी. इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत लालघाटी पुलिस को की थी. जिस पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया. जिसने आरोपी पर नजर रखी. जैसे ही वह जेल तिराहे पर पहुंचा पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया. इसके बाद इससे पूछताछ की गई, जिसके बाद आरोपी के बड़ावदा स्थित घर से पीड़िता से ली गई राशि, नगदी बरामद कर लिए हैं.

धर्मांतरण के एंगल से भी जांच में जुटी पुलिस

लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि आरोपी के पास से पीड़िता की बुर्के वाली तस्वीरें भी मिली हैं, जिसके बाद मामले में धर्म परिवर्तन से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने मामले में धाराएं बढ़ा दी हैं और फरार दूसरे आरोपी की तलाश के साथ-साथ पूरे घटनाक्रम की बरीकी से हर एंकल से जांच पड़ताल की जा रही है.

काले शीशे, रोब जमाने के लिए हूटर और मप्र शासन लिखा नहीं चलेगा

प्रदेश पुलिस का फरमान : आज से शुरू होगी 10 दिन की यातायात मुहिम

शाजापुर, 31 जुलाई. लोगों पर रोब जमाने और वीआईपी कल्चर की झांकी जमाने के लिए अवैध रूप से वाहनों पर हूटर लगे हुए हैं. कुछ गाड़ियां शहर में ऐसी भी हैं, जिन पर मप्र शासन अवैध रूप से लिखा हुआ है. अब मप्र पुलिस ने फरमान जारी किया है कि काले शीशे वाली गाड़ी, गाड़ियों में अवैध हूटर और निजी गाड़ियों पर मप्र शासन और अधिकारियों के पदनाम की प्लेट नहीं चलेगी. इसको लेकर 1 से 10 अगस्त तक मुहिम चलाई जाएगी. अब देखना यह है कि शाजापुर में यह मुहिम कितनी सख्ती से शुरू होती है.

क्योंकि अक्सर ऐसी मुहिम के दौरान राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण यातायात पुलिस को कार्यवाही से पीछे हटना पड़ता है.

गौरतलब है कि पुलिस मुख्यालय मप्र द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि 1 से 10 अगस्त तक अवैध रूप से हूटर लगी गाड़ियों पर सख्त कार्यवाही और काले शीशे वाली गाड़ियों पर भी सख्ती बरती जाए. साथ ही बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों पर भी कार्यवाही की जाए, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यातायात पुलिस के सामने यह है कि जैसे ही वो वाहन चालकों पर सख्ती करते हैं, तो राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण उन्हें कार्यवाही से पीछे हटना पड़ता है. अब देखना है कि इस बार की कार्यवाही में यातायात पुलिस राजनीतिक हस्तक्षेप में किसी को पकड़ती है, किसी को छोड़ती है या फिर निष्पक्ष होकर कार्यवाही कर पाती है.

शहर में कई वाहनों पर लगे है अवैध हूटर

वैसे तो हूटर लगाना पूरी तरह प्रतिबंधित है. केवल कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस और मजिस्ट्रेट को ही हूटर लगाने का अधिकार है. हालांकि केंद्र सरकार ने वीआईपी कल्चर को खत्म करने के लिए सरकारी, गैर सरकारी सभी वाहनों से हूटर हटाने के निर्देश दिए थे. लेकिन इन निर्देशों का पालन कुछ समय तक हुआ. बाकी सरकारी वाहनों पर भी हूटर वापस दिखने लगे हैं. और गैर सरकारी वाहनों पर भी हूटर की आवाज गूंज रही है.

रसूखदार पर कार्यवाही करने में दिक्कत होती है यातायात पुलिस को

यदि राजनीतिक संरक्षण का हस्तक्षेप न हो और वरिष्ठ अधिकारी द्वारा यातायात पुलिस को पूरी छूट दी जाए, तो यातायात पुलिस अवैध हूटरों पर कार्यवाही कर सकती है. क्योंकि पिछले दिनों हाईवे पर एक निजी वाहन को रोकने पर पूरी यातायात पुलिस को जांच का सामना करना पड़ा था. जबकि उक्त वाहन में कई कमियां थी और उस दौरान पुलिस सही कार्यवाही कर रही थी, लेकिन जिन महोदय का यह वाहन था, वे सीएम हाउस में पदस्थ बताए जाते हैं. उन्होंने सीएम हाउस का दम दिखाकर आधा दर्जन पुलिसकर्मियों की जांच करवा दी थी. अब देखना यह है कि इस बार का यह अभियान रसूखदारों के खिलाफ कार्यवाही कर पाता है या फिर आम लोगों तक ही सीमित रहकर समाप्त हो जाएगा.

निजी वाहन पर पुलिस, प्रेस और मप्र शासन लिखना अवैधानिक...

अधिकांश वाहनों पर पुलिस का मोनो लगा रहता है, तो कई वाहनों पर प्रेस लिखा हुआ है. कुछ वाहन जो विभाग में अधिकृत रहते हैं, लेकिन उनकी समय सीमा समाप्त हो जाती है, उसके बाद भी वे उस वाहन से मप्र शासन की प्लेट नहीं उतारते. जिसका दुरुपयोग भी कई बार होता दिखा है. अब इस बार देखना है कि यह अभियान रसूखदार और राजनीतिक संरक्षण के बिना संपन्न होता है या फिर आम आदमी तक ही यह अभियान सीमित रहता है.

भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा देकर महिला से ठगी

मेरठ से आरोपी गिरफ्तार, 2.97 लाख रुपए ठगे थे

शुजालपुर, 31 जुलाई. सोशल मीडिया पर भूत-प्रेत बाधा दूर करने का दावा कर महिला को झांसे में लेकर करीब तीन लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को शुजालपुर मंडी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.50 लाख नकद और वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया है. वहीं ठगी गई राशि में से 79 हजार बैंक खातों में होल्ड भी करा दिए गए हैं.

पुलिस के अनुसार कृष्णा नगर शुजालपुर मंडी निवासी रश्मि सक्सेना ने 24 मई 2026 को थाना शुजालपुर मंडी में शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को फेसबुक के माध्यम से एक व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसने स्वयं को भूत-प्रेत बाधा दूर करने वाला बताकर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर ऑनलाइन राशि जमा कराई. झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग माध्यमों से कुल 2.97 लाख आरोपी के बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए. बाद में ठगी का अहसास होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई. प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा एसडीओपी निमेश देशमुख के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई. टीम ने साइबर सेल की मदद से बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, प्रधान आरक्षक रंजीत भानेरिया, प्रधान आरक्षक सचिन सिसोदिया, आरक्षक प्रहलाद जाट, आरक्षक संदीप यादव, आरक्षक रविकांत यादव, आरक्षक मांगीलाल लवंशी तथा साइबर सेल के घनश्याम राजपूत एवं आरक्षक राजेश दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

79 हजार रूपए होल्ड किए...

जांच के दौरान पुलिस ने ठगी गई राशि में से 79 हजार होल्ड कराने में सफलता हासिल की. लगातार तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम उत्तर प्रदेश के मेरठ पहुंची और इस्लाम नगर निवासी मोहम्मद इरशाद 32 पिता शेर दीन को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने फेसबुक पर भूत-प्रेत बाधा दूर करने संबंधी पोस्ट डालकर फरियादिया को अपने जाल में फंसाया और उससे 2.97 लाख की ऑनलाइन ठगी की. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.50 लाख नकद तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी द्वारा अन्य लोगों को भी इसी तरह अंधविश्वास का झांसा देकर साइबर ठगी का शिकार बनाने की जानकारी मिली है. पुलिस उससे इस संबंध में विस्तृत पूछताछ कर रही है.

लूट व घर में घुसकर हमला करने वाले आरोपी को सजा

11 साल पहले आरोपी हमला कर फरियादी को टैंक में फेंककर फरार हो गया था

शुजालपुर, 31 जुलाई. प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अभिलाष जैन के न्यायालय ने वर्ष 2015 में घर में घुसकर हमला एवं लूट करने के मामले में आरोपी अंकुर उर्फ किशोर यादव को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 458 एवं 394 के तहत पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा दोनों धाराओं में एक-एक हजार रुपए, कुल दो हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है.

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक एडीपीओ विद्याधर सोनानिया ने बताया कि 16 अक्टूबर 2015 की रात करीब 2 बजे श्रीनगर कॉलोनी निवासी प्रवीण रेकवार अपने किराए के मकान में सो रहे थे. इसी दौरान आरोपी घर में घुस आया और बबूल की लकड़ी से उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. मारपीट के बाद आरोपी उन्हें पानी के टैंक में फैंककर फरार हो गया. सुबह सफाई कर्मचारियों ने घायल को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया. मामले में शुजालपुर सिटी थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया. विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक विद्याधर सोनानिया ने न्यायालय के समक्ष साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए. साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उपरोक्त सजा सुनाई. न्यायालय ने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि घटना के समय आरोपी की आयु, प्रकरण के लंबे समय तक विचाराधीन रहने तथा वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए दंड के प्रति उदार दृष्टिकोण अपनाया गया, जबकि उसकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अर्थदंड सीमित रखा गया.

पांच रात बंद रहेगा रेलवे फाटक क्रमांक 79

शुजालपुर, 31 जुलाई. नेशनल हाइवे 752 सी पर पुलिस चौकी चौराहे के सामने स्थित रेलवे फाटक क्रमांक 79 शुजालपुर यार्ड पर डामरीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते 31 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक फाटक बंद रहेगा.

इस दौरान रेलवे प्रशासन ने हल्के और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए हैं. वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर रेलपथ शुजालपुर ने इस संबंध में एसडीएम शुजालपुर को पत्र भेजकर फाटक पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का अनुरोध किया है. रेलवे के अनुसार मरम्मत कार्य के दौरान आवश्यकता अनुसार एक से दो घंटे के अंतराल पर रेलवे से अनुमति मिलने पर फाटक को कुछ समय के लिए खोलकर यातायात निकाला जाएगा. फाटक बंद रहने की अवधि में हल्के वाहन अंडरब्रिज से होकर गुजर सकेंगे, जबकि भारी वाहनों को रेलवे फाटक क्रमांक 78 कमलिया बायपास मार्ग से आवागमन करना होगा. रेलवे प्रशासन ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए सक्षम अधिकारियों से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है. यात्रियों एवं वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सहयोग करने की अपील की गई है.

गैस गोडाउन में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस का मुखबिर तंत्र व साइबर सेल की मदद आई काम, 1 लाख का माल बरामद

शाजापुर, 31 जुलाई. जून माह में गैस गोडाउन में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है. पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख रूपये का चोरी गया माल बरामद किया है, तीनों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है.

जानकारी के अनुसार 11 जून को पुराना चैमा निवासी देवकरण पिता मांगीलाल मालवीय 38 ने मो.बड़ोदिया थाने में शिकायत की कि 10 से 11 जून की दरमियानी रात में कोई अज्ञात आरोपी मेरे देवशक्ति एचपी गैस ग्रामीण वितरण एजेन्सी के गोडाउन का ताला तोड़कर 5 एचपी कम्पनी के घरेलू भरे हुए सिलेंडर, गैस गोडाउन के सामने रखी एक पल्सर मोटर सायकल व गैस गोडाउन के सामने गुमटी पर सो रहे सिद्धनाथ मालवीय का स्मार्ट फोन चोरी कर ले गए है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. थाना प्रभारी अरविन्द सिंह तोमर द्वारा गठित पुलिस टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आस पास के लोगों से पूछताछ की. साथ ही सीसीटीव्ही फुटेज व साइबर सेल से तकनीकी मदद प्राप्त की. वहीं संदेहियों से भी पूछताछ की गई. नतीजन 30 जुलाई को घटना में संलिप्त आरोपी शिवनारायण उर्फशिवा पिता कैलाश मालवीय 24 निवासी शिव पहाड़ी कानड़, अम्बाराम पिता देवीसिंह मालवीय 20 निवासी बोरखेड़ी व अजय पिता गोर्वधन मालवीय 21 निवासी शिव पहाड़ी कानड़ को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से पुलिस ने 5 एचपी कम्पनी के घरेलू भरे हुए सिलेंडर, एक पल्सर मोटर सायकल व एक स्मार्ट फोन वीवो कम्पनी का पुराना मोबाईल सहित कुल 1 लाख रूपये का मशरूका जप्त किया है. आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविन्दसिंह तोमर, सउनि लाखनसिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक मो.शरीफ, रविशंकर चौधरी, भंवरलाल वर्मा, आरक्षक शैलेन्द्र गुर्जर, शैलेन्द्र शर्मा, अनिल सेन, राहुल जाट, अर्जुनसिंह बागड़ी, सुरेश राठौर, जीवन राजपूत, नितेश सेन, शिवचरण दांगी व सायबर सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक विकास तिवारी व उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

एक नजर में — आस्था, संकल्प और परंपरा की अनूठी मिसाल जय शिव कांवड़ यात्रा

जय शिव के शंखनाद से हुई थी शाजापुर में कांवड़ यात्रा की शुरुआत

शाजापुर, 31 जुलाई. सावन का महीना आते ही शाजापुर शहर शिवमय हो जाता है. आज के समय में हर ओर बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ दर्जनों कावड़ यात्राएं निकलती हैं, जो शहर के धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास को और बढ़ा देती हैं, लेकिन हर परंपरा की एक शुरुआत होती है. एक ऐसा पहला कदम होता है, जो मील का पत्थर बनता है. शाजापुर के कावड़ उत्सव के इतिहास में यदि पीछे मुड़कर देखें, तो यह गौरव जय शिव कावड़ यात्री संघ को जाता है.

फाईल फोटोः-

आज से दो दशक पहले यानी सन 2001 में शाजापुर में आज की तरह कावड़ यात्राओं की धूम नहीं हुआ करती थी. इस परंपरा का श्रीगणेश करने का साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय पंडित संतोष जोशी ने लिया था. उन्होंने जय शिव कावड़ यात्री संघ के बैनर तले नगर की अधिष्ठात्री देवी मां राजराजेश्वरी की पावन धरा से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन तक पहली बार पैदल कावड़ यात्रा निकालने का बीड़ा उठाया. उस समय यह आयोजन किसी बड़े कारवां की तरह नहीं, बल्कि एक गहरी आस्तिकता और महादेव के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक बनकर शुरू हुआ था. आज के मुकाबले उस दौर में न तो यातायात के आधुनिक साधन सहज उपलब्ध थे और न ही इस प्रकार के आयोजनों के लिए कोई बड़ा ढांचा या अमला होता था. इस यात्रा में शामिल होने वाले शिवभक्तों का संकल्प पूर्णतः निष्काम और कठोर साधना पर आधारित था. मां राजराजेश्वरी के दरबार से जल लेकर उज्जैन तक की यह कावड़ यात्रा भक्तों के लिए किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं थी, जिसे उन्होंने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ पैदल पूरा किया था. यह यात्रा केवल जल अर्पित करने का अनुष्ठान नहीं थी, बल्कि यह शाजापुर के धार्मिक इतिहास में एक नए युग की शुरुआत थी, जिसने युवाओं और शहरवासियों को सनातन संस्कृति से जोड़ने का एक नया मार्ग दिखाया.

पहले थी एक कावड़ यात्रा, 2014 से बाद शुरू हुई दो दर्जन यात्राएं...

2001 में शाजापुर से पहली बार सावन के महीने में महाकाल उज्जैन तक शहर की एकमात्र कांवड़ यात्रा थी, जिसका नाम दिया गया था जय शिव कांवड़ यात्रा. पहले सनातन को लेकर इतनी जागरुकता नहीं थी. उस समय भी सनातन धर्म की ध्वजा इस कांवड़ यात्रा के माध्यम से शहर को नजर आती थी. लेकिन 2014 के बाद अब कई कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है. लेकिन शाजापुर से आज भी उज्जैन पैदल कांवड़ यात्रा न के बराबर है. अधिकांश कांवड़ यात्रा नैनावद महाकाल मंदिर तक ही पहुंचती रही हैं. संतोष जोशी ने कोविड काल में भी कांवड़ यात्रा निकालकर धर्म की गंगा से परहेज नहीं किया. हालांकि कोविड उल्लंघन का प्रकरण भी उनकी कांवड़ यात्रा पर लगाया गया था.

अनवरत जारी है आस्था का यह सफर...

किसी भी परंपरा की शुरुआत करना जितना कठिन होता है, उसे निरंतर बनाए रखना उससे भी बड़ी चुनौती होती है. पंडित संतोष जोशी द्वारा वर्ष 2001 में जलाई गई इस आस्था की मशाल को आज 26 वें साल में भी पूरी ऊर्जा और भव्यता के साथ अनवरत जारी है. समय के साथ इस यात्रा का स्वरूप भले ही बड़ा हो गया हो. इसमें शामिल होने वाले कावड़ियों का कारवां बढ़ता गया हो, लेकिन इसके मूल में निहित भक्ति, अनुशासन और सेवा भाव आज भी वैसा ही है.

पुलिस विभाग के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

शाजापुर, 31 जुलाई. पुलिस विभाग के तीन अधिकारियों की शुक्रवार को सेवानिवृत्ति हो गई. इस दिन एसपी ऑफिस में तीनों कर्मचारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया. जहां तीनों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई. एसपी ने तीनों कर्मचारियों को शाल श्रीफल भेंटकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. सहायक उपनिरीक्षक सतीश पंजाबी ने पुलिस विभाग में लगभग 42 वर्षों, सहायक रोशन सिंह तोमर ने लगभग 37 वर्षों तथा सहायक उपनिरीक्षक सोभाग सिंह मेवाड़ा ने लगभग 32 वर्षों तक अपनी सेवाएं दी. इन दिनों की सेवा निवृत्ति पर पुलिस विभाग द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एसपी प्रियंका शुक्ला द्वारा तीनों अधिकारियों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई. इस दौरान एसडीओपी अजय मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, सूबेदार दीपिका डावर एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा